

03

भगवान के नाम का रस यदि पीना आ जाए तो उसका जीवन कभी नीरस नहीं होता: स्वामी ज्ञानानंद महाराज

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

नगर निगम चुनावों को लेकर तैयारी पूरी : गोयल

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 31 जनवरी 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1442, माघ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, मूल्य, 2.00 रुपए

डॉ कृष्णकांत गुप्ता शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर हुए सम्मानित

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रो बीएस निगम फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा उत्कृष्टता के स्तर को सभी के लिए खुशी का स्तर बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो केपी सिंह ने उनका अभिनंदन किया। प्रो बीएस निगम फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा डॉ कृष्णकान्त गुप्ता, प्राचार्य अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, पूर्ण समर्पित शिक्षाविद, कर्तव्यनिष्ठ और सहयोगी शोधकर्ता, युवा छात्रों और शोधकताओं के लिए प्रभावी सलाहकार जिन्होंने शिक्षा के अर्थ को फिर से परिभाषित, विस्तार आउटरीच कार्यक्रमों और समाज के लिए उनके बहमुखी अनुप्रयोगों की सराहना करते हुए फांउंडेशन अध्यक्ष डॉ केपी सिंह द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार-2022 देकर सम्मानित किया। प्राचार्य को सम्मानित होते हुए देखना यह सभी के लिए गौरवशाली क्षण रहें। महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्राचार्य के कार्यकुशलता की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष, डॉ वासुदेव गुप्ता उपाध्यक्ष, विनोद मित्तल महासचिव, प्रवीण मित्तल, कोषाध्यक्ष और प्रबंधन के विशिष्ठ सदस्यों ने प्रधानाचार्य को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी। सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने भी प्राचार्य को यह पुरस्कार मिलने पर बधाई दी।

डॉ कृष्णकान्त गुप्ता, प्राचार्य अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को सम्मानित करते हुए